◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

अपराध

दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस पर रेल पुलिस द्वारा महिला पर हिंसा का मामला



दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस (15211) के एक हालिया मामले में रेल पुलिस द्वारा एक महिला यात्रिनी पर हिंसक कार्रवाई करने का आरोप लगा है।

रिपोर्टों के अनुसार, रेल पुलिस ने महिला को मारते हुए उसकी शारीरिक चोटें बढ़ा दीं, जिससे वह रक्तस्राव से ग्रसित हो गई।

इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, जबकि वर्तमान में कोई औपचारिक जांच या सजा नहीं दी गई है।

अधिकारियों से अनुरोध है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा सुनाई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएँ।

— Ankit Parihar, दरभंगा

एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन

दिनांक: 20 नवंबर 2026, शुक्रवार आज कार्तिक शुक्ल पक्ष की पावन एकादशी के शुभ उपलक्ष्य में स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में एक अत्यंत दिव्य एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस पावन धार्मिक अनुष्ठान में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों और श्याम प्रेमि

— Raju Choudhary

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पर सुरक्षा कर्मी द्वारा अनुचित रोक-टोक, जांच की मांग

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार के साथ एक सुरक्षा कर्मी द्वारा अनुचित रोक-टोक करने का मामला सामने आया है। रिपोर्टों के अनुसार, एक सुरक्षा कर्मी ने बिना स्पष्ट कारण के मंत्री को रोकने का प्रयास किया, जिससे मंत्री को अपमानित महसूस हुआ। इस घटना को लेकर कई पक्षों ने जांच की मांग की है। कई ल

— Kanhaiya Kumar Jha

अपराध

विवाहिता कि संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत



पूर्वी चम्पारण से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मौत से आधे घंटे पहले मां को किया फोन, बोली- मम्मी मुझे यहां से ले चलो, ये लोग मार देंगे; संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत

पूर्वी चंपारण के ढाका थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में 26 वर्षीय विवाहिता सोनाली कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत से महज आधे घंटे पहले सोनाली ने अपनी मां को फोन कर ससुराल में प्रताड़ित किए जाने की बात कही थी। उसने रोते हुए मां से कहा था कि मुझे यहां से ले चलो, ये लोग मुझे मार देंगे। मां ने अगले दिन मायके ले जाने का भरोसा दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत की खबर आ गई।

सोनाली के भाई राजीव रंजन ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। सोनाली की शादी 2019 में टुना कुमार से हुई थी। परिजनों के अनुसार, उसे मोटी और काली कहकर भी ताने दिए जाते थे। घटना के बाद जब मायके वाले पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग घर से फरार मिले। सोनाली अपने पीछे दो मासूम बच्चे, दो वर्षीय बेटी और एक वर्षीय बेटे को छोड़ गई है।

ढाका थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस बाईट मृतका के भाई राजीव रंजन

— Awanish Kumar, पटना

स्थानीय

राजकीय तमसा नदी महोत्सव में नवादा की कला-संस्कृति का अनूठा संगम



नवादा में 20 नवंबर को राजकीय तमसा नदी महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। खेल, कला, साहित्य और संगीत के विविध रंगों से सजे इस महोत्सव का उद्घाटन हिसुआ विधायक एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव के दौरान जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय प्रतिभाओं की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत मैराथन दौड़ से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके बाद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। वहीं, कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण तमसा नदी तट पर आयोजित भव्य गंगा आरती रही। दीपों और मंत्रोच्चार के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका उर्वशी ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। संगीत की धुनों पर दर्शक झूमते नजर आए।

कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा तमसा नदी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है। इस आयोजन के माध्यम से नवादा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय कलाकारों और प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच मिला।

मौके पर अपर समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

— Ramlakhan Kumar

स्थानीय

फारबिसगंज बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष कमाल उद्दीन ने महासचिव गोपाल मंडल को जीत की बधाई दी



फारबिसगंज बार एसोसिएशन ने अपने नए अध्यक्ष कमाल उद्दीन जी को पदस्थापित किया है। इस अवसर पर उन्होंने महासचिव गोपाल मंडल जी को हाल ही में प्राप्त जीत पर हार्दिक बधाई व्यक्त की।

कमाल उद्दीन ने कहा कि यह जीत व्यक्तिगत नहीं बल्कि संपूर्ण संघ के लिए गर्व का कारण है। उन्होंने गोपाल मंडल जी के कठिन परिश्रम और समर्पण को सराहा।

यह शुभकामनाएँ संघ के भविष्य में सहयोग और एकजुटता को और सुदृढ़ करने की आशा

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया में धंसती पुल पर प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग



अररिया जिले में फारबिसगंज प्रखंड और कुर्साकाटा प्रखंड के मध्य में एक पुल बना था, जो हाल ही में धंस गया।

इस पुल के धंसने पर प्रशासन द्वारा न तो जांच की गई और न ही आज तक कोई कार्रवाई की गई।

पूर्व जिला 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं जनता दल यु के पूर्व जिला अध्यक्ष, वर्तमान वंचित उत्थान मोर्चा के सदस्य ने मंत्री, जिला पदाधिकारी, सांसद विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, माननीय उपाध्यक्ष से आग्रह किया कि ठेकेदार को बचाने वाले नेताओं के खिलाफ जांच हो और तुरंत कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा कि यह पुल दो प्रखंडों और दो विधानसभा क्षेत्रों के बीच है, जिससे जनता त्राहि-त्राहि है। उन्होंने धरतीपुत्र अनंत कुमार राय, राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार मंडल से भी मांग की कि जांच और कार्रवाई हो और जनता के हित में पुल का पुनर्निर्माण किया जाए।

यह घटना बिहार के अररिया जिले, फारबिसगंज और नरपतगंज में घटित हुई।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड के सामने बाईपास के सामने लगी भीषण आग



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुल्तानगंज में भीषण आग लगने पर दो दुकानें और दो गोदाम जलकर हुआ राख

घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड के समिप, घटना स्थल पर दमकल पुलिस गाड़ी पहुंचने पर आग पर पा लिया काबू/

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के स्टेशन रोड बाईपास के सामने रात लगभग 10 बजे भयानक आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में चंद्र किशोर पंडित के दुकान N. K. Electronic, संजय कुमार के ओम रेडीमेड, पप्पू चौधरी का गारमेंट के गोदाम और जीतेश कुमार मंडल के मोती माला के गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गए।*घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा सुल्तानगंज थानाध्यक्ष धनंजय कुमार और माननीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल सर को अवगत कराया गया। तभी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तत्परता से:

10 मिनट बाद पहली छोटी दमकल गाड़ी पहुँची और आग बुझाने का कार्य शुरू हुआ।

आग की भयावहता को देखते हुए करीब 30 मिनट बाद 2 और छोटी दमकल गाड़ियाँ पहुँचीं।

सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड के सामने बाईपास के सामने लगी भीषण आग



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुल्तानगंज में भीषण आग लगने पर दो दुकानें और दो गोदाम जलकर हुआ राख

घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड के समिप, घटना स्थल पर दमकल पुलिस गाड़ी पहुंचने पर आग पर पा लिया काबू/

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के स्टेशन रोड बाईपास के सामने रात लगभग 10 बजे भयानक आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में चंद्र किशोर पंडित के दुकान N. K. Electronic, संजय कुमार के ओम रेडीमेड, पप्पू चौधरी का गारमेंट के गोदाम और जीतेश कुमार मंडल के मोती माला के गोदाम पूरी तरह जलकर खाक हो गए।*घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा सुल्तानगंज थानाध्यक्ष धनंजय कुमार और माननीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल सर को अवगत कराया गया। तभी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की तत्परता से:

10 मिनट बाद पहली छोटी दमकल गाड़ी पहुँची और आग बुझाने का कार्य शुरू हुआ।

आग की भयावहता को देखते हुए करीब 30 मिनट बाद 2 और छोटी दमकल गाड़ियाँ पहुँचीं।

लगभग 1 घंटा 30 मिनट बाद 2 बड़ी दमकल गाड़ियाँ एक साथ पहुँचीं और रात करीब 12:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया लिया गया/स्थानीय लोगों और *दुकानदारों के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस अग्निकांड से व्यापारियों को लाखों रुपये का भारी नुकसान की बात सामने आ रही है।

— Awanish Kumar

शिक्षा

गोपालगंज के सरकारी स्कूल के शिक्षक ने 6 छात्राओं को बिना अनुमति राजगीर ले जाने पर निलंबित किया गया



गोपालगंज के एक सरकारी विद्यालय में शिक्षक ने छह छात्राओं को बिना किसी अनुमति के राजगीर ले जाने का कार्य किया, जिससे शैक्षणिक अनुशासन में गंभीर उल्लंघन हुआ।

शिक्षक द्वारा इस अनधिकृत यात्रा के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य (HM) को भी साथ में निलंबित किया गया।

शिक्षा मंत्री के निर्देश पर इस मामले में तुरंत कार्रवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाने का आदेश दिया गया।

— News report

स्थानीय

सी पी आई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा पहुंचे सहरसा



सहरसा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा पहुंचे सहरसा, पार्टी नेताओं और समर्थकों ने किया भव्य स्वागत प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, नवनिर्मित शहीद जयप्रकाश नारायण भवन का किया उद्घाटन

एंकर :- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डी. राजा के सहरसा पहुंचने पर पार्टी नेताओं एवं समर्थकों ने जगह-जगह फूल-माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। सहरसा पहुंचने के बाद कामरेड डी. राजा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात उन्होंने नवनिर्मित शहीद जयप्रकाश नारायण भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह, बिहार राज्य सचिव रामनरेश पांडेय, ओमप्रकाश नारायण तथा सीपीएम के वरिष्ठ नेता कुलानंद यादव सहित पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की भूमिका को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

बाइट कामरेड डी. राजा CPI राष्ट्रीय महासचिव

— Awanish Kumar

अपराध

गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र में शराब तस्करी पर दो मोटरसाइकिलों से 153 लीटर देसी शराब बरामद



20 नवंबर, शुक्रवार को बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में उत्पाद विभाग ने एक सफल छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान दो मोटरसाइकिलों से 153 लीटर देसी शराब बरामद की गई, जिसे 765 टेट्रा पैक में पैक किया गया था।

बरामद की गई शराब को सुरक्षित कर लिया गया और दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया गया।

तस्कर मौके से फरार हो गया, अब उसकी तलाश जारी है।

— News report

स्थानीय

द आई स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट


द आई स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

मोतिहारी शहर के राजा बाजार पश्चिम गोपालपुर स्थित द आई स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाटक सहित कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन की खूब सराहना हुई। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर समृद्धि श्रीवास्तव और प्राचार्या रेशम कश्यप ने कहा कि वार्षिकोत्सव का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर देना है। समारोह में शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बाइट-3

— Awanish Kumar

बिहार के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर का कल उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री



नवादा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

बिहार के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का कल होगा शुभारंभ, पीएम मोदी रिमोट से करेंगे उद्घाटन

नवादा। बिहार के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। रजौली- प्रखंड स्थित फुलवरिया जलाशय में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के इस सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने से नवादा जिले के साथ-साथ बिहार के ऊर्जा क्षेत्र को एक नई उपलब्धि मिलेगी।

शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने फुलवरिया डैम स्थित फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े अधिकारियों से निर्माण कार्य, तकनीकी व्यवस्था और उद्घाटन समारोह की तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

फुलवरिया जलाशय में स्थापित यह सौर ऊर्जा संयंत्र जल सतह पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन करेगा। इससे स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

रजौली के फुलवरिया डैम में स्थापित इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लोकार्पण से क्षेत्र के विकास को नई पहचान मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों में भी इस परियोजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

बाईट रवि प्रकाश , जिलाधिकारी नवादा

— Awanish Kumar

स्थानीय

सासाराम नगर थाना क्षेत्र के प्रभाकर मोड़ पर जमकर हुआ हंगामा



सासाराम से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

खबर सासाराम से है। सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के प्रभाकर मोड पर जमकर हंगामा हुआ। जब बिक्रमगंज थाना की पुलिस की एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने कई लोगों को टक्कर मार दी। भागने के क्रम में एक कार में टक्कर मारकर स्कॉर्पियो प्रभाकर मोड़ के पास फस गई। इसके बाद लोग जब हंगामा करने लगे तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। उसे दौरान एक ब्लॉगर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ एवं आगजनी करने के लिए लोगों को उकसा रहा था। लोगों को उकसा रहे एक ब्लॉगर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वही एक कार सवार जिसमें पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। उस कार सवार ने बताया कि काफी खतरनाक तरीके से पुलिस की गाड़ी चलाई जा रही थी।

बाईट निर्भय कुमार (स्थानीय)

— Awanish Kumar

सरकारी योजना

शिवसागर आँचल कार्यालयपर समता मूलक संगम दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



सासाराम से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

पर आज समता मूलक संगम दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तथा भूमिहीनों को जमीन देने में लापरवाही का आरोप लगाया। समता मूलक के संगम दल के जिलाध्यक्ष उदय शंकर ने बताया कि 10 दिन पहले ही शिवसागर आंचल कार्यालय को सूचना दिया गया था कि वह लोग गरीबों को दिए जाने वाले जमीन में लापरवाही नहीं करें. इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई. इसके उपरांत संगठन ने आज शिवसागर के अंचल कार्यालय का घेराव किया है। गरीबों को तीन डिसमिल जमीन देने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए इन लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बाईट -- उदय शंकर (जिलाध्यक्ष)

— Awanish Kumar

अपराध

बांका के धोरैया थाना क्षेत्र में वित्तीय कंपनी के कर्मचारी से 1.30 लाख रुपये की चोरी



गुरुवार दोपहर बिहार के बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र में एक वित्तीय कंपनी के कर्मचारी योगेंद्र वर्मा को दोपहिया वाहन पर अज्ञात अपराधियों ने रोक लिया।

वर्मा विभिन्न स्थानों से संग्रह कर मोटंगा से पंजवारा की ओर जा रहे थे जब अपराधियों ने उन्हें रोक कर 1.30 लाख रुपये नकद छीन लिये।

रोकने के बाद अपराधियों ने तुरंत स्थान छोड़ दिया और फरार हो गये।

पुलिस ने घटना की सूचना प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

— Paras Kumar Singh

अपराध

आरा में महराजा लॉ कॉलेज के क्लर्क को रिश्वत लेते निगरानी विभाग कि टीम ने गिरफ्तार किया



आरा से अवनीश कुमार सिंह रिपोर्ट

आरा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। आरा स्थित महाराजा लॉ कॉलेज के एक क्लर्क को 7,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार क्लर्क की पहचान संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने एक छात्र से सीएलसी (कॉलेज लिविंग सर्टिफिकेट) और कैरेक्टर सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 7,500 रुपये की मांग की थी। इसके बाद छात्र ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना से की थी।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगने की शिकायत सही पाई गई। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार, 20 नवंबर को महाराजा लॉ कॉलेज के कार्यालय में ही संजय कुमार सिंह को 7,500 रुपये लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

निगरानी विभाग के डीएसपी मोहन कुमार ने बताया कि परिवादी की शिकायत पर पहले 18 नवंबर को सत्यापन कराया गया था। सत्यापन में रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई। इसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि क्लर्क द्वारा एसएलसी सर्टिफिकेट देने के नाम पर 7,500 रुपये की मांग की गई थी और उसे पूरी रकम लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

गुप्त रखी गई शिकायतकर्ता की पहचान डीएसपी मोहन कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की पहचान सार्वजनिक नहीं की जा सकती। गिरफ्तार संजय सिंह कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत था। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया और पूछताछ की जाएगी।

बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई में निगरानी विभाग के दो डीएसपी, एक इंस्पेक्टर समेत कुल छह सदस्यीय टीम शामिल थी। टीम में डीएसपी मोहन कुमार, डीएसपी विनोद कुमार और इंस्पेक्टर अनुप्रिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

छात्र से प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर मांगी गई रिश्वत और फिर निगरानी विभाग के जाल में फंसा कॉलेज का क्लर्क। इस कार्रवाई के बाद शैक्षणिक संस्थानों में प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर अवैध वसूली को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

— Awanish Kumar

जीवनशैली

प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर टावर पर चढ़े युवक



प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर टावर पर चढ़े युवक धीरज सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सार्वजनिक शांति भंग करने और आत्महत्या का प्रयास कर कानून-व्यवस्था के लिए संकट उत्पन्न करने के आरोप में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

— Amit kumar

जीवनशैली

मोकामा के विधायक अनंत सिंह अपनी छोटी बेटी शिवांगी के तिलक समारोह के लिए अपने पैतृक आवास से हुए रवाना



पटना से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

पटना जिला केचर्चित मोकामा के विधायक अनंत सिंह की छोटी बेटी के विवाह की रस्में शुरू, काफिले के साथ दानापुर शगुना स्थित आर्गेनिक रिज़ॉर्ट पहुंचे


पारंपरिक रीति रिवाज और विधि व्यवहार के बाद तिलक समारोह के लिए समधी के आवास के लिए हुए रवाना

मोकामा के बाहुबली और विधायक अनंत सिंह की छोटी बेटी शिवांगी के विवाह समारोह को लेकर क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में चर्चाओं का बाजार गर्म है। शादी से जुड़ी पारंपरिक रस्मों की शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में आज अनंत सिंह तिलक की सामग्री और अपने विशाल काफिले के साथ समधी के घर बिहटा के लिए रवाना हुए, जहां भव्य तिलक समारोह का आयोजन किया गया है।

बिहटा प्रस्थान करने से पूर्व उनके आवास पर विवाह से जुड़े सभी पारंपरिक रीति-रिवाजों और 'बिद-व्यवहार' की रस्मों को विधिवत पूरा किया गया। इस मांगलिक अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में समर्थक और करीबी लोग भी मौजूद रहे। अनंत सिंह के काफिले के बिहटा पहुंचने के साथ ही वहां तिलक समारोह की तैयारियां और उत्सव का माहौल चरम पर है।

— Awanish Kumar

कमलपुर के पश्चिम टोला प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति और मध्याह्न भोजन बंद होने पर उठे सवाल



कमलपुर (पश्चिम टोला) के वार्ड नंबर 13 में स्थित प्राथमिक विद्यालय को लेकर शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति और पिछले कई दिनों से मध्याह्न भोजन की सुविधा नहीं मिलने के आरोप सामने आए हैं। इस मामले ने ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था और गरीब परिवारों के बच्चों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले को A I M I M के कमलपुर पंचायत अध्यक्ष रफ़ीक आलम ने प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम टोला प्राथमिक विद्यालय में पिछले कई दिनों से बच्चों की उपस्थिति नहीं दिखाई दे रही है और विद्यार्थियों को मध्याह्न भोजन का लाभ भी नहीं मिल रहा है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है, जिनके लिए सरकारी विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ पोषण का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निर्धारित नियमों के अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराना संबंधित व्यवस्था की जिम्मेदारी है। मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना, विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करना और शिक्षा से जोड़कर रखना है। ऐसे में यदि किसी विद्यालय में कई दिनों तक भोजन वितरण नहीं हो रहा है या बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं की जा रही है, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

बिना देरी किए विद्यालय की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाए। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या सरकारी दिशा-निर्देशों की अनदेखी सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही विद्यालय में पढ़ाई और मध्याह्न भोजन की व्यवस्था नियमित रूप से शुरू कराई जाए। हक़ की आवाज़ एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट (राष्ट्रीय) ने भी बच्चों की शिक्षा, पोषण और अधिकारों से जुड़े इस मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचना चाहिए।

प्रशासन से जनता के सवाल: 1) वार्ड नंबर 13 के पश्चिम टोला प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति क्यों नहीं हो रही है? 2) पिछले कई दिनों से मध्याह्न भोजन नहीं मिलने के आरोपों की सच्चाई क्या है? 3) विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति और पढ़ाई की वास्तविक स्थिति क्या है? 4) बच्चों के लिए आवंटित भोजन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं की निगरानी कौन कर रहा है? 5) इस मामले में शिक्षा विभाग कब तक जांच कर उचित कार्रवाई करेगा?

— **Sajjad Alam**

धर्म

लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और रोहिणी आचार्य ने थावे भवानी मंदिर में किया दर्शन

थावे (गोपालगंज) में स्थित प्रसिद्ध माँ थावे भवानी मंदिर में आज पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा रोहिणी आचार्य ने एकत्रित होकर माता रानी का दर्शन किया। उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार से प्रवेश कर विशेष पूजा-अर्चना की और श्रद्धा-भाव से मंत्रोच्चार किया।


इस अवसर पर सभी ने माँ थावे भवानी से सभी भक्तों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की। साथ ही उन्होंने लालू प्रसाद यादव के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए विशेष प्रार्थना की।

मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं और समर्थकों ने इस पावन क्षण को बड़े उत्साह के साथ देखा। भक्तों ने नेता-गणों के आगमन पर फूल, धूप और दीप जलाकर स्वागत किया तथा जय माँ थावे भवानी के नारे गाए।

इस धार्मिक सभा ने स्थानीय लोगों में एकता और आध्यात्मिक भावना को प्रज्वलित किया, जिससे थावे के धार्मिक माहौल में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

— **Amit Kumar**

कमलपुर के प्राथमिक स्कूल में मध्याह्न भोजन की अनुपलब्धता पर रफ़ीक आलम ने की जांच की मांग



कमलपुर के वार्ड-13, पश्चिम टोला प्राथमिक विद्यालय में कई दिनों से न तो छात्र उपस्थित हैं और न ही मध्याह्न भोजन की सुविधा उपलब्ध है, जिससे शिक्षा के अधिकार पर प्रश्न उठ रहे हैं।

स्कूल में बच्चों की अनुपस्थिति और पोषण की कमी ने गरीब परिवारों के बच्चों के अधिकारों को गंभीर खतरे में डाल दिया है।

इस समस्या को रफ़ीक आलम, एआईएमआईएम पंचायत अध्यक्ष, कमलपुर ने सार्वजनिक किया और तुरंत जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

हक़ की आवाज़ शिक्षा एवं कल्याण ट्रस्ट ने भी इस स्थिति की निंदा की और बच्चों के पोषण अधिकार की पूर्ति के लिए प्रशासनिक कदमों की अपील की।

स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि वे इस गड़बड़ी को यथाशीघ्र दूर कर विद्यालय को सामान्य संचालन में लौटाएँ।

— **Sajjad Alam**

अपराध

पूर्णियां पुलिस ने संगठित मोबाइल स्नैचिंग गिरोह का किया पर्दाफाश



पूर्णिया से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

पूर्णिया पुलिस ने संगठित मोबाइल स्नैचिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया है । दरअसल कस्बा थाना के पेट्रोलिंग टीम को एक सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मोबाइल स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर इमली बागान के पास मौजूद हैं । इस आधार पर टीम गठित कर मौके से एक अपराधी, एक पल्सर गाड़ी और स्नेचिंग की दो मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है । पूर्णिया sdpo2 गौरव कुमार ने इस बाबत बताया कि इस संगठित गिरोह में और कौन-कौन लोग

सनलिप्त हैं उनकी पहचान कर गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है । जल्द ही कई और लोग पुलिस के शिकंजे में होंगे ।

बाईट गौरव कुमार, एसडीपीओ 2

— **Awanish Kumar**

नवादा में जिला स्तरीय जनसुनवाई में 20 शिकायतें दर्ज, कई मुद्दों का हुआ तुरंत निष्पादन



बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय “सबका सम्मान-जीवन आसान” के अंतर्गत शुक्रवार को नवादा में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी मनोज कुमार ने अध्यक्षता की और विभिन्न क्षेत्रों से आए 20 लोगों की शिकायतें सुनीं।

मुख्य मुद्दों में रैयती जमीन पर सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पारिवारिक पेंशन, वृद्धाश्रम निर्माण की अनुमति और पंचायत शिक्षक से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। अपर समाहर्त्ता ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन करें तथा आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराएँ।

‘सबका सम्मान-जीवन आसान’ के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जिससे आम लोगों को सरकारी कार्यों में उत्पन्न परेशानियों से राहत मिल सके। यह पहल स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

— **Ramlakhan Kumar**

स्थानीय

प्रधानमंत्री मोदी के पटना दौरे के कारण श्री साईं कॉलेज में 21 नवंबर को अवकाश


Shri Sai College of Nursing & Paramedical

NOTICE

Subject: College Closure on 21st November 2026

This is to inform all students and staff members that the college will remain closed tomorrow, 21st November 2026 (Saturday), due to the visit of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi to Patna.

Regular classes and college activities will resume as usual from Monday, 23rd November 2026.

All students and staff members are requested to take note of the same.

Principal

Shri Sai College of Nursing and Paramedical

श्री साईं कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, पटना के प्रशासन ने आज एक सूचना जारी की है कि 21 नवंबर 2026 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के पटना आगमन के मद्देनजर कॉलेज एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

को कॉलेज में सभी कक्षाएँ और शैक्षणिक गतिविधियाँ बंद रहेंगी।

नियमित कक्षाएँ तथा अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम 23 नवंबर 2026 (सोमवार) से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुनः आरम्भ होंगे।


कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे इस सूचना को ध्यान में रखें और अवकाश के दौरान आवश्यक व्यवस्था कर लें।

यह सूचना कॉलेज द्वारा जारी आधिकारिक नोटिस के आधार पर है तथा प्रधानमंत्री के 21 नवंबर के बिहार दौरे की पुष्टि PMO ने भी की है।

— **Amit Kumar, पटना**

स्थानीय

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए विभागीय पत्रों का अनुरोध



पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई विभागों को औपचारिक पत्र लिखे गए हैं। इन पत्रों में आवश्यक पहल और त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

पत्रों के माध्यम से क्षेत्र की जनता की आवाज़ को संबंधित विभागों तक पहुँचाना और विकास कार्यों को गति देना प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया गया है। यह कदम स्थानीय समस्याओं के शीघ्र समाधान और बुनियादी ढाँचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

पूर्णिया के सतत विकास और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए यह पहल निरंतर जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहन मिलेगा।

— **Kanhaiya Kumar Jha, पूर्णिया**